मेरा श्याम दयालु है हारे का सहारा है

मेरा श्याम दयालु है हारे का सहारा है
है वो नाथ नाथों का डूबे का किनारा है
मेरा श्याम दयालु है............

दृढ़ है विश्वास तेरा वो निश्चित आएगा
तेरा रक्षक बन कर के सब पीर मिटाएगा
ये तो आदत है उनकी रोते को हँसता है
मेरा श्याम दयालु है...........

करुणा के सागर हैं करुणा दिखलाते हैं
जो करूँ पुकार सुने करुणा कर आते हैं
करुणा निधि उनको तो भव पार उतारा है
मेरा श्याम दयालु है.........

जो प्रेम बांटते हैं वो श्याम के प्रेमी हैं
जो दया भाव रखते वो श्याम के नेमि हैं
मनहर वो भक्त सदा बाबा का दुलारा है
मेरा श्याम दयालु है...........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16443/title/mera-shyam-dayaalu-hai-haare-ka-sahara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |